24-05-2020

हरियाणा - तेलंगाना की संस्कृति पर वेबिनार

डी० ए० वी० कॉलेज, अम्बाला शहर और गर्वमेंट डिग्री कॉलेज, जहीराबाद, तेलंगाना के संयुक्त तत्वाधान में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत जूम एप के माध्यमसे 'हरियाणा- तेलंगाना की संस्कृति' पर 24-05-202 को एक वेबिनार आयोजित किया गया। प्रो० राजेश शर्मा, प्राचार्य डी० ए० वी० कॉलेज, अम्बाला और डा० चंद्रा मुखर्जी, प्राचार्य गर्वमेंट कॉलेज, तेलंगाना अध्यक्ष रहे। वेबिनार के प्रथम सत्र में प्राचार्य प्रो० राजेश शर्मा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे हम एकजुटता और परस्पर समन्वय से हर समस्या का समाधान खोजते आए हैं उसीप्रकार कोविड -19 की समस्या का समाधान भी हम मिलकर ही कर सकते हैं अपनी संस्कृति से जुड़ने के कारण आज का कार्यक्रम कर सकने में समर्थ हुए हैं। प्रो० राजीव महाजन, नोडल आफिसर रूसा, डी०ए०वी० अम्बाला व डा० गरिमा सुमरान, डी०ए०वी० अम्बाला व डा० आयशा बेगम, तेलंगाना वेबिनार के संयोजक रहे। प्रो० राजीव महाजन ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और बताया कि इबीएसबी छात्रों व प्राध्यापकों सहित 60 लोगों ने वेबिनार में भाग लिया। डॉ० गरिमा सुमरान ने बताया कि भारत की अतुल्य संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराने के उद्देश्य से हरियाणवीं - तेलगू गीतों एवं व्यंजनों पर वेबिनार आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में डी०ए०वी० की छात्रा नवज्योति ने तेलगू गीत व अकांक्षा ठाकुर ने खीर बनाने की विधि बताई। दूसरे सत्र में तेलंगाना के विद्यार्थियों ने हरयाणवीं गीत तथा तेलंगाना व्यंजन बनाने की विधि प्रस्तुत की। एम. अशोक, तेलंगाना ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

दैनिक भास्कर

वेबिनार में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा तेलंगाना की संस्कृति पर प्रकाश डाला

अम्बाला सिटी | सिटी स्थित डीएवी कॉलेज अम्बाला शहर और गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज जहीराबाद तेलंगाना के संयुक्त तत्वावधान में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा तेलंगाना की संस्कृति पर वेबिनार आयोजित किया गया। अध्यक्षता डीएवी कॉलेज अम्बाला शहर प्रिंसिपल प्रो. राजेश शर्मा और गवर्नमेंट कॉलेज तेलंगाना प्रिंसिपल डॉ. चंद्रा मुखर्जी ने की। वेबिनार के प्रथम सत्र में प्रिंसिपल प्रो. राजेश शर्मा ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान डीएवी कॉलेज से नोडल ऑफिसर प्रो. राजीव महाजन, डॉ. गरिमा सुमरान, डॉ. आयशा बेगम तेलंगाना वेबिनार के संयोजक रहे। प्रो. राजीव महाजन ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रथम सत्र में डीएवी कॉलेज की छात्रा नवज्योति ने तेलुगु गीत व आकांक्षा ठाकुर ने खीर बनाने की विधि बताई। दूसरे सत्र में तेलंगाना के विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीत और तेलंगाना व्यंजन बनाने की विधि प्रस्तुत की। अंत में एम अशोक तेलंगाना ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।